**NORTH-EX PUBLIC SCHOOL**

**(Senior Secondary, Affiliated To CBSE)**

**School Block, Jain Nagar, Sector-38, Rohini, Delhi – 81**

**Half yearly Exam (2023-24)**

**SUBJECT – Hindi**

**CLASS – VII**

**Time- 2 Hrs 30 Mins.** **M.M. - 60**

**सामान्य निर्देश** :-

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं - क,ख, ग और घ|
- खंड क 10 अंक , खंड ख 20 अंक, खंड ग 20,खंड घ 10 अंक का है।
- सभी प्रश्नों के अंक निर्देशानुसार दिए गए हैं ।

## खंड - क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1×5=5)

मानव जीवन के लिए मनोरंजन की अत्यंत आवश्यकता है। मनोरंजन के कार्य तथा साधन कुछ क्षण के 'लिए मानव जीवन के गहन बोझ को कम करके व्यक्ति में उत्साह का संचालन कर देते हैं। मानव सृष्टि के आरंभ से ही मनोरंजन की आवश्यकता प्राणियों ने अनुभव की हगी और जैसे-जैसे समय व्यतीत होता गया वैसे-वैसे नवीनतम खोज इस अभाव को पूरा करने के लिए की गई।

वर्तमान काल में चारों ओर विज्ञान की तूती बोल रही है। मनोरंजन के क्षेत्र में जितने भी सुंदर अन्वेषण एवं आविष्कार हुए हैं, उनमें सिनेमा (चलचित्र) भी एक है। चलचित्र का आविष्कार 1890 ई० में टामस एल्वा एडीसन द्वारा अमेरिका में किया गया। जनसाधारण के सम्मुख सिनेमा पहली बार लंदन में 'लुमेर' द्वारा उपस्थित किया गया। भारत में पहले सिनेमा के संस्थापक 'दादा साहब फाल्के' समझे जाते हैं।उन्होंने पहला चलचित्र 1913 में बनाया। भारतीय जनता ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। आज इस व्यवसाय पर करोड़ों रुपया लगाया जा रहा है और विश्व में भारत का स्थान इस क्षेत्र में प्रथम है। _पहले-पहल चलचित्र जगत में केवल मूक चित्रों का ही निर्माण होता था। बाद में इसमें ध्वनिकरण होता गया।चलचित्र निर्माण में कैमरे का एक महत्वपूर्ण स्थान है। यह कैमरा एक विशेष प्रकार का बना होता है।

(क) मानव जीवन के लिए मनोरंजन क्यों आवश्यक है?

(ख) चलचित्र का आविष्कार कब और किसने किया?

(ग) भारत में सिनेमा के पहले संस्थापक कौन थे तथा कैसे?

(घ) पहले-पहल किस प्रकार की फिल्मों का निर्माण किया गया?

(ङ) निम्नलिखित वर्षों की संख्या को शब्दों में लिखिए 1890, 1913

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (1×5=5)

वातावरण एवं वायु-मंडल का दूषित होना प्रदूषण कहलाता है। प्रदूषण की समस्या संपूर्ण विश्व में बड़ी ही तीव्रता से अपना प्रभाव जमाती जा रही है। आज समस्त मानव जाति इस समस्या से आतंकित है, और विश्व का प्रत्येक देश अपने-अपने ढंग से इस समस्या के समाधान में सलंग्न है। प्रदूषण एक ऐसी विकट समस्या है, जिसका समुचित समाधान नहीं हो पा रहा है। वैज्ञानिकों का मत है कि समय रहते यदि तत्काल फैल रहे इस प्रदूषण को सही ढंग से नियंत्रित नहीं किस्म गया तो आगामी दशकों में संपूर्ण धरती किसी भी जीवधारी के रहने योग्य नहीं रहेगी। प्रदूषण का प्रभाव वनस्पतियों पर भी होगा और यह शस्यश्यामला धरती विकृत वनस्पतियों के कारण अपनी संपूर्ण सुन्दरता एवं उपादेयता खो देगी।

**(क) आज मानवजाति को कौन-सी समस्या भयभीत कर रही है?**

(1) वातावरण की समस्या
(2) प्रदूषण की समस्या
(3) वायुमंडल की समस्या
(4) संपूर्ण विश्व की समस्या

**(ख) हर देश इस समस्या के लिए क्या कर रहा है?**

(1) बढ़ा रहा है
(2) वार्तालाप कर रहा है
(3) समाधान के उपाय ढूँढ रहा है
(4) हल खोज लिया है

**(ग) इस समस्या के दुष्परिणाम के बारे में असत्य कथन कौन-सा हैं?**

(1) पृथ्वी प्राणियों के रहने योग्य नहीं रहेगी
(2) प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ जाएँगी
(3) वनस्पतियों को बहुत क्षति पहुँचेगी
(4) पृथ्वी की सुन्दरता नष्ट हो जाएगी

**(घ) धरती का सौंदर्य किनके कारण बना हुआ हैं?**

(1) ऊँचे भवनों के कारण
(2) जीवधारियों के कारण
(3) वनस्पतियों के कारण
(4) वैज्ञानिकों के कारण

**(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक हो सकता है-**

(1) धरती का सौंदर्य
(2) धरती की सुन्दरता
(3) विकट समस्या
(4) प्रदूषण-एक विकट समस्या

# खंड-ख ( हिंदी व्याकरण )

प्रश्न3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए - (1/2×6=3)

1. जिन शब्दों से स्त्री या पुरुष जाति का बोध होता है,उसे क्या कहते हैं?
2. वर्णों की सार्थक समूह को क्या कहते हैं ?
3. भारतीय संविधान द्वारा कितनी भाषाओं को मान्यता है?
4. एक समान अर्थ प्रकट करने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?
5. उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के कितने भेद होते हैं?
6. जिन शब्दों से किसी विशेष व्यक्ति स्थान और वस्तु के नाम का बोध हो उसे क्या कहते हैं?

प्रश्न 4 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

क निम्न तत्सम शब्दों से तद्भव शब्द बनाइए - (1/2×4=2)

1.कोकिला 2. चंद्र 3. दांत 4. मयूर

ख पर्यायवाची शब्दों के समूह में अलग शब्द छांटकर लिखिए - (**1**/2×4=2)

**1.** बगीचा - उपवन, वाटिका, पावन

**2.** ईश्वर- आत्मा, परमात्मा, भगवान

**3.** आकाश – गगन,आसमान, कपड़ा

**4** औरत- चक्षु, स्त्री, महिला

ग. विलोम शब्दों का मिलान कीजिए- (**1**/2×4=2)

**1.** अनुराग सुस्त

**2.** पवित्र विराग

**3.** चुस्त मूर्ख

**4.** ज्ञानी अपवित्र

प्रश्न 5. क. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए- (**(**1×2=2)

1. मधु बोलने वाला
2. जिसका कोई शत्रु न हो

ख. मुहावरे के अर्थ लिखिए – (1×2=2)

1. उल्लू बनाना
2. अंगूठा दिखाना

प्रश्न 6 रेखांकित शब्दों के लिंग परिवर्तन करके वाक्य दोबारा लिखिए- (1×4=4)

क. <u>मामा जी</u> घूमने जा रहे हैं|

ख. मेरी बहन कक्षा में प्रथम आई है|

ग. <u>नौकर</u> कपड़े धो रहा है|

घ. <u>अध्यापक</u> पढ़ा रहे हैं|

प्रश्न 7 कोष्ठक में दिए गए कारक विभक्ति चिन्हों के द्वारा वाक्य पूरा कीजिए- (1×3=3)

क. उसके हाथ______ कलम गिर गई | (से/के)

ख. माली ______ पौधों में पानी दिया| (ने/ के द्वारा)

ग. बच्चे छत _______ खेल रही हैं | (पर/ में )

## खंड- ग ( हिंदी पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न 8. निम्न प्रश्नों के उत्तर 15 से 20 शब्दों में लिखिए - **(** कोई पाँच कीजिए ) (1×5=5)

**1.** जन्म **-** जन्म की पूंजी किसे कहा गया हैं?

**2.** कुल्लू में दशहरे का उत्सव किस प्रकार मनाया जाता है?

**3.** गौरा के दुर्बल और शिथिल होने का क्या कारण था?

4. प्रभु ने मीरा की रक्षा किस प्रकार की ?

5. सूई की पीड़ा कम करने के लिए क्या सुझाव दिया गया?

**6.** धरती को अमरों की जननी क्यों कहा गया है?

7. पंडित जी के अयोध्या यात्रा कैसे सफल हुई ?

प्रश्न 9 निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए- (2)

सांप पिटारा राणा भेज्या**,** मीरा हाथ दिया जाए। न्हाय धोए जब देखन लगी**,** शालिग्राम गई पाय।।

प्रश्न 10 निम्नलिखित पठित गद्यांश के प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2×5=10)

अब गौरा उठ भी नहीं पाती थी। पास बैठने पर वह अपना मुंह मेरे कंधे पर रख देती। बेचारे लालमणि को तो अपनी मां की व्याधि और आसान मृत्यु का भी बोध नहीं था। मजबूरीवश उसे दूसरी गाय का दूध पिलाया जाता था। वह अपनी मां का दूध पीना चाहता था अपनी मां का मां के साथ खेलना चाहता था। वह गोरा के पास पहुंचकर उसे सर मार मार कर उठना चाहता था उसके चारों ओर उछल कूद कर परिक्रमा करता रहता था।

क**.** गौरा की ऐसी स्थिति क्यों हो गई थी?

ख. अबोध लालमणि अपनी मां को क्यों उठाना चाहता था?

ग. लालमणि को दूसरी गाय का दूध क्यों पिलाया जाता था?

घ. महादेवी जी को गाय पालने की सलाह किसने दी थी?

ङ. लालमणि की मां का क्या नाम था?

प्रश्न 11. पाठ के आधार पर शब्दों के अर्थ लिखिए **–** **(** कोई छह करो **)** (1/2×6=3)

| | |
|---|---|
| **1.** सूली-सेज | **5.** अमोलक |
| **2.** अनुमति | **6.** झूलना पुल |
| **3.** आलोक | **7.** परिचारक |
| **4.** तत्काल | **8.** सैलानी |

## खंड-घ ( लेखन भाग)

प्रश्न 12.निम्नलिखित में-से कोई एक पत्र लिखिए **–** **(**5)

परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर होशियार सिंह की जानकारी देते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।

अथवा

बस यात्रा के दौरान बस में आपका बैग छूट गया था। जिसमें कुछ जरूरी सामान था। बस कंडक्टर द्वारा समान लौटने पर उनकी प्रशंसा करते हुए परिवहन निगम अधिकारी को पत्र लिखिए |

प्रश्न 13 निम्नलिखित में - से किसी एक विषय पर 300 से 350 शब्दों में निबंध लिखिए - (5)

जल बचाएं**,** कल बचाएं

अथवा

राष्ट्रीय एकता का महत्व